तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 अप्रैल 2024

10 बच्चों ने देशभक्ति गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया



10 मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



## खबर संक्षेप

### अवैध असलहा के साथ युवक दबोचा, केस दर्ज

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने पिंडारा रेलवे ओवरब्रिज के निकट एक युवक को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि पिंडारा रेलवे ओवरब्रिज के नीचे युवक अवैध असलहा के साथ खडा हुआ है। युवक कहीं जाने की फिराक में है।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

**कैथल।** जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्या सुचिता गुप्ता ने बताया कि जिला के गांव तितरम स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए जिन विद्यार्थियों ने कक्षा 6 के लिए गत 20 जनवरी तथा कक्षा 9 के लिए 10 फरवरी 2024 को आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा दी थी, उसका परिणाम सीबीएसई द्वारा जारी कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम को नवोदय विद्यालय समिति की मुख्य वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं।

### सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट से जरनेटर चोरी, केस दर्ज

**सफीदों।** उपमंडल के गांव मुआना में निर्माणाधीन सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट से जरनेटर चोरी का केस सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सफीदों पुलिस को दी शिकायत में गांव बुढ़ाखेड़ा निवासी संजीव कुमार ने कहा कि वह राजीव गोयल कोन्ट्रैक्टर सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट गांव मुवाना में बतौर मुंशी कार्य कर रहा है।

### साइबर धोखाधड़ी के मामले में दो गिरफ्तार

**कैथल।** होटल का रिव्यू करने के नाम पर साइबर धोखाधड़ी करने के एक मामले की जांच थाना साइबर क्राइम के एएसआई सुरेंद्र कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी रोहित निवासी खाखुसर जिला बिकानेर राजस्थान तथा राहूल निवासी चमुंदरी राना वतन जिला पाली राजस्थान को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

### गाली गलौज-धमकी देने पर शिकायत दर्ज

**जींद।** चमेला कालोनी में व्यक्ति को फोन पर गाली गलौज करने तथा धमकी देने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चमेला कालोनी निवासी सन्नी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 मार्च से फोन पर अलग-अलग दो नंबरो से काल आ रही है।

### लालच देकर रकम हड़पने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** रेटिंग देने के नाम पर रुपये ठगी करने के मामले की जांच थाना साइबर क्राइम के एएसआई विनोद कुमार की टीम ने आरोपी राकेश निवासी तिलसानी जिला जोधपुर राजस्थान को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शुगर मिल कॉलोनी निवासी युवक की शिकायत अनुसार 8 सितंबर 2023 को व्हाटसएप्प मैसेज आया। मैसेज में लिखा था कि हमारे कुछ ग्राहक हैं, जिनको ऑनलाइन रेटिंग देनी है।

### सट्टा खाईवाल करते एक काबू, 72 सौ रुपये मिले

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव सुदकैन कलां मे सट्टा खाईवाल करते व्यक्ति को काबू कर कब्जे से साढे.72 सौ रुपये बरामद किए हैं। सदर थाना नरवाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव सुदकैन कलां निवासी विनोद अपनी दुकान के आगे सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहा है।

### महेंद्र शर्मा के चयनित होने पर दी बधाई

**राजौंद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा महेंद्र शर्मा को संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारणी में सदस्य नियुक्त किए जाने पर आभार प्रकट किया। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी, संगठन मंत्री ,प्रदेश के तीनों महामंत्री व प्रदेश संयोजक रेणु बाला गुप्ता का आभार जताया।

# आज से सरकारी तौर पर मंडियों में प्रारंभ होगी पीले सोने की खरीद

## मंडियों में सभी व्यवस्थाएं पूरी होने के दावे, जींद में 35 अनाजमंडियों और खरीद केंद्रों पर खरीदा जाएगा गेहूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेशभर में एक अप्रैल से सरकारी दामों पर गेहूं खरीद कार्य शुरू हो जाएगा। हालांकि जींद में गेहूं मंडियों तक आने में डेढ़ सप्ताह से अधिक का समय भी लग सकता है। क्योंकि इस बार इंद्र देवता किसानों पर 'यादा मेहरबान रहे और कुछ समय तक मौसम पीले सोने के लिए अनुकूल नही रहा। जिसके चलते किसानों का पीला सोना थोड़ा देरी से पकेगा। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि जींद में फिलहाल डेढ़ सप्ताह तक भी किसानों का पीला सोना मंडियों में नहीं पहुंचेगा। हालांकि पहले ही जिले में सरसों व गेहूं की खरीद को लेकर अनाज मंडिया अलॉट कर दी गई हैं। जिले में 36 अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों पर गेहूं की खरीद की जाएगी। इसमें हैफेड, एफसीआई, वेयर हाउस कारपोरेशन गेहूं की खरीद करेंगी। इन खरीद एजेंसियों को गेहूं खरीदने के लिए अलग-अलग मंडियों में अलग-अलग दिन निर्धारित किए गए हैं। एक अप्रैल से गेहूं की खरीद होनी है। इसके अलावा 26 मार्च से शुरू हुई सरसों की खरीद को लेकर जिले में सात अनाज मंडियां पहले ही निर्धारित की गई हैं। एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होनी है। जिले में करीब 2.15 लाख हेक्टेयर से अधिक में गेहूं की फसल है। उम्मीद है कि 70 लाख क्विंटल गेहूं मंडियों में पहुंचेगा। इन अनाजमंडियों व खरीद केंद्रों पर होगी गेहूं की खरीद जिले के ऐंचरा कलां, अलेवा, बेलरखां, छात्तर, दनौदा कलां, ढाठरथ, धमतान साहिब, धनौरी, डिडवाड़ा, फरैण कलां, फतेहगढ़, गढ़ी, घोघड़ियां, हाट, जींद, जुलाना, काब्रछा, खरकरामजी, खरल, लुदाना, मांगलपुर, मनोहपुर, मुआना, नगूरां, नरवाना, पिल्लूखेड़ा, राजपुरा, सफीदों, शामलो कलां, सिवानामाल, सुदकैन खुर्द, उचाना, उझाना, भंभेवा तथा धनखड़ी में गेहूं की खरीद की जाएगी। अलग-अलग एजेंसियां अलग-अलग दिन गेहूं की खरीद करेंगी। अनाज मंडी शेड लगाने का कार्य अंतिम चरण में : अनाज मंडी जींद में शेड लगाने का कार्य अंतिम स्तर पर है। पहले जो शेड था, वह जर्जर हो गया था। इस कारण उसे उखाड़ दिया। अब उसकी जगह नया शेड लगाया जा रहा है। शेड का कार्य अंतिम चरण में है। मंडी में किसानों के लिए कैंटीन शुरू, पेयजल के लिए लगे वाटर कूलरः मार्केट कमेटी सचिव संजीव कुमार ने बताया कि मंडी में गेहूं खरीद को लेकर तैयारियां कर ली गई हैं। यहां पर किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। किसानों के लिए वाटर कूलर दुरूस्त करवाए गए हैं और साथ ही सभी शौचालयों की मुरम्मत करवाई गई है।



जींद। गेहूं खरीद के लिए तैयार अनाज मंडी। फोटो :हरिभूमि

### पंजीकृत किसानों को ही मिलेगा गेट पास

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला की 35 अनाज मंडियों, खरीद केंद्रों में लगभग साढे छह लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सोमवार से गेहूं की सरकारी खरीद का कार्य शुरू हो जाएगा। गेहूं की खरीद के लिए मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकृत किसानों को ही गेट पास मुहैया करवाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि फसल खरीद के तुरंत बाद संबंधित खरीद एजेंसी उठान करवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए ट्रांसपोर्टर को विशेष निर्देश दिए जाएं।

## एनएचएआई ने टोल दरों में दो से पांच प्रतिशत की वृद्धि की

# आज टोल से निकलने पर करनी होगी चालकों को अपनी जेब ढीली

## खटकड़ टोल पर कार ड्राइवरों को एक साइड के देने होंगे 120 रुपये, 340 का मासिक पास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आज अगर आप टोल से गुजर रहे हो तो आपको अपनी जेब ढीली करनी होगी। एक अप्रैल से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा टोल दरों को बढाया गया है। नई दरों में दो से पांच प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इसके अलावा टोल के 20 किलोमीटर दायरे में मंथली पास के लिए 340 रुपये देने होंगे। वाहनों की अलग-अलग कैटेगरी के अनुसार टोल सोमवार से बढ़ी हुई दरों के अनुसार लिया जाएगा। **जींद में पड़ते हैं तीन टोल:** जींद जिला में तीन टोल हैं। दिल्ली-पटियाला राष्ट्रीय राजमार्ग 352 पर खटकड़ टोल, हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे 152 स्थित बद्दोवाल टोल तथा जींद-गोहाना सोनीपत नेशनल हाइवे 352 पर लुदाना टोल बना हुआ है। इसके अलावा जींद-करनाल और जींद-भिवानी मार्ग पर भी टोल प्लाजा है लेकिन ये दूसरे जिले की सीमा में हैं। जींद-रोहतक रोड पर लाखनमाजरा से पहले भी टोल प्लाजा बनकर तैयार हो गया है। प्रतिदिन इन टोलों से हजारों वाहन गुजरते हैं। नेशनल हाईवे अथारिटी आफ इंडिया द्वारा हाईवे पर दो से पांच प्रतिशत टोल रेट बढ़ा दिए हैं। जींद-नरवाना नेशनल हाईवे पर कार चालकों को पहले जहां 115 रुपये एक तरफ का टोल देना पड़ता था वहीं अब सोमवार से उन्हें 120 रुपये देने होंगे। सभी टोल प्लाजा नए रेटों की सूची चस्पा कर दी गई है।

**खटकड़ टोल प्लाजा पर आज से यह होंगी टोल दरें**

**खटकड़ टोल प्लाजा पर यह होंगे नए रेट**

| यात्रा का प्रकार | कार-जीप | एलएमवी | ट्रक/बस कॉमर्शियल | हेवी व्हीकल | ओवरसाइज |
|---|---|---|---|---|---|
| एक तरफ की यात्रा | 120 | 195 | 405 | 635 | 770 |
| दोनों तरफ की यात्रा | 180 | 290 | 605 | 950 | 1160 |
| मासिक पास | 3985 | 6440 | 13485 | 21150 | 25750 |
| जिले का रजिस्टर्ड वाहन | 60 | 95 | 200 | 315 | 385 |

**जींद-गोहाना रोड पर लुदाना के पास ये हैं नए टोल रेट**

| यात्रा का प्रकार | कार/जीप | एलएमवी | ट्रक/बस कॉमर्शियल | हेवी व्हीकल | ओवरसाइज |
|---|---|---|---|---|---|
| एक तरफ की यात्रा | 55 | 90 | 190 | 295 | 360 |
| दोनों तरफ की यात्रा | 85 | 135 | 280 | 440 | 540 |
| मासिक पास | 1850 | 2990 | 6260 | 9820 | 11955 |
| जिले का रजिस्टर्ड वाहन | 30 | 45 | 95 | 145 | 180 |

**नरवाना-हिसार रोड पर बद्दोवाल टोल के ये हैं नए रेट**

| यात्रा का प्रकार | कार/जीप | एलएमवी | ट्रक/बस कॉमर्शियल | हेवी व्हीकल | ओवरसाइज |
|---|---|---|---|---|---|
| एक तरफ यात्रा | 90 | 140 | 295 | 465 | 565 |
| दोनों तरफ यात्रा | 130 | 215 | 445 | 700 | 850 |
| मासिक पास | 2925 | 4725 | 9900 | 15530 | 18905 |

**20 किमी दायरे के चालक 340 रुपये में बनवा सकते हैं मंथली पास : विजय**

खटकड़ टोल के मैनेजर विजय ने बताया कि टोल के 20 किलोमीटर दायरे के वाहन चालक 340 रुपये में अपने मंथली पास बनवा सकते हैं। एनएचएआई द्वारा एक अप्रैल से नए टोल दर निर्धारित की गई है। टोल दरों में 'यादा वृद्धि नही हुई है। जिससे वाहन चालकों पर 'यादा बोझ नही पड़ेगा।

# को-एप्लीकेंट बनाकर 1.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

## महिला के फर्जी हस्ताक्षर कर लिया लोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महिला को बिना बताए एजुकेशन सोसायटी में को-एप्लीकेंट बनाकर पांच आरोपियों ने एक करोड़ पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी की। आरोपियों ने महिला को बताए बिना उक्त राशि का लोन ले लिया और दस्तावेजों पर भी महिला के फर्जी हस्ताक्षर कर लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव खरक पांडवा निवासी कृष्णा ने कलायत थाना में शिकायत दी कि वह गीता कॉलोनी गांधी नगर दिल्ली में रहती है। अनपढ़ है। उसके पति राजबीर व कलायत निवासी अश्वनी ने चार कनाल जमीन गांव दाता सिंह वाला में स्कूल बनाने के लिए 2023 में ली थी, परंतु स्कूल बनाने पर सहमति नहीं हो पाई। उस समय आरोपी अश्वनी पर के पास उसके आधार कार्ड व पैन कार्ड की कॉपी थी। अश्वनी ने अपनी मां कौशल्या, पत्नी रीना देवी, कैलरम निवासी रोहताश व एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर बड़ी धोखाधड़ी की। अश्वनी ने उसे बिना बताए बालाजी एजुकेशन सोसायटी में शामिल कर लिया और उसके हस्ताक्षर अपने आप ही कर लिए। बाद में बालाजी एजुकेशन सोसायटी के नाम से पंजीकरण करवा लिया। इसमें उसे को-एप्लीकेंट बनाकर एक करोड़ पांच लाख रुपये का लोन ले लिया। सोसायटी के दस्तावेजों पर आरोपी अश्वनी ने अपने आप ही उसके हस्ताक्षर कर लिए। आरोपियों ने मिलकर एक फर्जी मॉर्गेज डीड तैयार कर ली और उसके हस्ताक्षर करवा लिए। उसके बाद आरोपियों ने एक सेंक्शन लेटर तैयार किया और संबंधित दस्तावेजों पर उसके बिना बताए उसके हस्ताक्षर कर लिए। ऐसा कर आरोपियों ने एक करोड़ पांच लाख का लोन बालाजी एजुकेशन सोसायटी के नाम से हड़प लिया।

**मामले की गंभीरता से जांच जारीः कुलदीप सिंह**

एक मार्च 2023 को उसे अपने पते पर एक नोटिस प्राप्त हुआ। उक्त नोटिस अंग्रेजी में लिखा हुआ था। जब उसने उक्त नोटिस को किसी से पढ़वाया तो पता चला कि उसके नाम से हस्ताक्षर कर एक करोड़ पांच लाख का लोन लिया हुआ है। उसने गांव में पता किया तो बहुत सारे नोटिस गांव के पते पर आए थे। उसके पति ने उक्त लोन बारे आरोपी अश्वनी से नोटिसों को लेकर बात की तो आरोपी ने उसके पति को कहा कि इसको फाडकर फेंक दो। जब उसने दस्तावेजों में हस्ताक्षरों की जांच करवाई तो पता लगा कि हस्ताक्षर फर्जी हैं। ऐसा करके आरोपियों ने लोन लेकर उसके साथ एक करोड़ पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। जांच अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### क्रेडिट कार्ड का दुरूपयोग कर 54 हजार का चूना

**जींद।** क्रेडिट कार्ड कर दुरूपयोग कर लगभग 54 हजार रुपये का चूना लगाने पर पर साइबर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सैक्टर 11 निवासी विरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोहतक रोड पर सीएससी चलाता है। उसने हांसी निवासी सुमित को क्रेडिट कार्ड देकर मोबाइल फोन का आर्डर देने के लिए कहा था। सुमित ने उससे पूछे बैगर उसके क्रेडिट कार्ड से रूपनगर निवासी कुणाल का मोबाइल ऑर्डर लगा दिया। जिसके चलते उसके खाते से 53 हजार 830 रुपये कट गए। जब उसने कुणाल से पूछा तो उसने ऑर्डर रद्द होने की बात कही। अब वह ना तो उसके रुपये दे रहा है और न ही मोबाइल फोन।



राजौंद। पुलिस व अर्धसैनिक बल फ्लैग मार्च निकालते हुए। फोटो :हरिभूमि

### अर्धसैनिक बल और पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

**राजौंद।** राजौंद में लोकसभा चुनाव के मध्य नजर अर्धसैनिक बल व राजौंद पुलिस ने फ्लैग मार्च निकला। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में पुलिस व अर्ध सैनिक बल ने यह फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च राजौंद खंड के विभिन्न गांव में निकाला गया। राजौंद थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इस फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग करें। किसी के बहकावे व दबाव में आकर अपने मत का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि सभी अपने मत का प्रयोग जरूर करें। इसके लिए पुलिस समय-समय पर लोगों को जागरूक भी कर रही है। यह फ्लैग मार्च पुलिस व अर्ध सैनिक बल के सहयोग से लोगों को जागरूक करने के लिए निकाला गया।

### चाकू से हमला करने पर छह के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** डीआरडीए के सामने हुडा मार्केट में प्रोपर्टी कार्यालय में बैठे दो युवकों पर आधा दर्जन युवकों ने चाकू तथा पेचकस से हमला कर घायल दिया। आरोपितो ने कार्यालय में तोड़फोड़ भी की। सिविल लाइन थाना पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर चार युवकों को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बराडखेड़ा निवासी जतिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह राजकीय कालेज में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। दोपहर को वह हुडा मार्केट में दोस्त टिंकू के साथ प्रोपर्टी कार्यालय में बैठा था। उसी दौरान बहबलपुर निवासी आर्यन उसके दोस्तों के साथ कार्यालय में घुस आया और चाकू तथा पेचकस से वार करने शुरू कर दिए। जब टिंकू ने बचाने की कोशिश की तो आरोपितों ने उसके साथ भी मारपीट की। जिसमें दोनों को काफी चोटें आई। आरोपितों ने कार्यालय में तोड़फोड़ भी की। सिविल लाइन थाना पुलिस ने जतिन की शिकायत पर आर्यन, गांव बीबीपुर निवासी मितड, प्रमीत, गांव शाहपुर निवासी साहिल के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

- रोहित करता था मजदूरी , शुभम कर रहा था आइलेट्स कर विदेश जाने की तैयारी

हरिभूमि नयूज ▶▶| जींद

गांव राजथल के पास शनिवार देर शाम को दो बाइकों की आमने-सामने की भिडंत में दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई थी। दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। मुतक युवकों की पहचान गांव झांझ कलां निवासी शुभम व रामराय निवासी रोहित के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रामराय निवासी रोहित व विनोद बाइक पर सवार होकर अपने मामा के घर नारनौंद से जींद की तरफ आ रहे थे। वहीं झांझ कलां निवासी शुभम व कापड़ो निवासी अमन बाइक से जींद से नारनौंद की तरफ जा रहे थे। रात को अंधेरा होने की वजह से बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर लगने के बाद राहगीरों ने घायलों को गंभीर हालत में इलाज के लिए नागरिक अस्पताल जींद पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने रोहित व शुभम को मृत घोषित कर दिया और अमन व विनोद की गंभीर हालत को देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया है। रोहित व विनोद मजदूरी का काम करते थे और शुभम आईलेट्स करके विदेश जाने की तैयारी कर रहा था।



जींद। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।

## गांव धनौरी में खाप प्रधान देवव्रत ढांडा की अध्यक्षता में बैठक

# ढांडा खाप सम्मेलन में लिए सात महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

हरियाणा प्रदेश में महिलाओं पर परिजनों की सहमति के बिना लिव इन रिलेशन में रहने के साथ-साथ पड़ोसी गांव में वैवाहिक रिश्ते जाड़ने पर प्रतिबंध लगाने का मुद्दा ढांडा खाप ने उठाया है। इस दिशा में मजबूत कानून बनाने की मांग खाप सम्मेलन में रविवार को गांव धनौरी में उठी। इसकी रहनुमाई खाप प्रधान देवव्रत ढांडा ने की। खाप सम्मेलन के लिए आयोजक-संयोजकों द्वारा देश-प्रदेश से ढांडा, मोहिल, मल्हान, महलान, महला, महलावत व मावलिया से जुड़े प्रतिनिधियों को न्यौता भेजा गया था। इसके अनुरूप खाप प्रतिनिधि, विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और राजनैतिक संगठनों के पदाधिकारी सम्मेलन में पहुंचे। प्रधान देवव्रत ढांडा ने बताया कि सर्व सम्मति से सात निर्णय लिगए गए हैं। इनमें लिव इन रिलेशन, पड़ोस के गांव में रिश्तों पर प्रतिबंध, पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति द्वारा एक-एक पेड़ लगाने, जमीन की उपजाऊ शक्ति बढ़ाने के लिए पराली न जलाने, जल संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति और कलायत के गांव गांव किठाना में ढांडा खाप चबूतरे का निर्माण करने के विषय शामिल रहे। चबूतरे के लिए जमीन का प्रबंध कर लिया गया है।



कलायत। गांव धनौरी में आयोजित ढांड खाप सम्मेलन। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राज्य मंत्री महीपाल ढांडा, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, आप नेता अनुराग ढांडा, विधायक अमरजीत ढांडा, पूर्व विधायक प्रेम लता, जयवीर सिंह आईएएस, पूर्व सांसद सुरेंद्र बरवाला, राजा राम, बलबीर सिंह, प्रेम सिंह, बलबीर सिंह, बीरा राम, किरपाल सिंह, जोगिया ढुलेदार, तुषार ढांडा, कपिल, कर्मवीर सिंह, बलवान सिंह, शमशेर सिंह, कोषाध्यक्ष सोनू, दिलबाग सिंह, डा.देवेंद्र ढांडा, रघुबीर किठाना, सुनील आर्य, रामफल किठाना, तुषार ढांडा और बड़ी संख्या में दूसरे बड़े-बुजुग मौजूद रहे।



सीवन। आयोजित बैठक में भाग लेने पहुंचे रिटायर कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### मांगों को लेकर बैठक का आयोजन

सीवन। खंड सीवन के रिटायर कर्मचारियों की मासिक बैठक का आयोजन राजकीय संस्कृति माडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधान नन्द लाल रहेजा ने की। उन्होंने कहा कि सरकार रिटायर कर्मचारियों की मांगों को पूरा करे और उन्हें कैशलैस मैडिकल की सुविधा दे। इसके साथ ही जो रिटायर कर्मचारियों की पुरानी मांग है जिसमें 65, 70 व 75 वर्ष की आयु में बढ़ौतरी की मांग रिटायर कर्मचारी कर रहे हैं उसे भी पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी साथी संघ में सदस्यों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रयास करें। जितने भी रिटायर कर्मचारी आपके सम्पर्क में हैं उन्हें संघ साथ जोड़ें। जगदीश तनेजा ने इस अवसर पर गीता उपदेश के बारे में बताया। इस अवसर पर राम नाथ चुटानी, दिलबाग सिंह पटवारी, ओम प्रकाश, लक्ष्मण कामरा, पूर्ण सिंह, बाबू राम गुप्ता, राज सिंह, देस राज, राम कुमार कामरा, पूर्ण चन्द आहुजा, भक्ती देवी, बिमला देवी, नन्द कौर व अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आशीष नागर, आशुतोष गालव महामंत्री मनोनित

**जींद।** भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष अनिल सैनी ने जिलाध्यक्ष राजू मोर, विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा व जिला महामंत्री डा. राज सैनी से विचार विमर्श करके कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें शहरी मंडल के महामंत्री आशीष नागर व आशुतोष गालव को बनाया गया है। अजमेर परोचा, प्रवीण मित्तल, गुलशन रोहिल्ला, राकेश इंदौरा, मनोज खंडेलवाल, सुरेश सिंगरोहा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

### तीन स्थानों पर टूटे ताले हजारों का सामान चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने तीन स्थानों पर ताले तोड़ कर हजारो रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव नंदगढ़ निवासी कर्मबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने खेत में बने कमरे का ताला तोड़ कर तीन पंखे अन्य सामामन को चोरी कर लिया।

### टीम ने लोकसभा चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

**जींद।** एडवोकेट आशीष कौशिक की अध्यक्षता में रविवार सुबह यूथ कांग्रेस लीगल सेल की बैठक हुई। बैठक में आने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर टीम ने रणनीति बनाई गई। एडवोकेट परविंद्र ने बताया कि आने वाले लोकसभा चुनाव पर लीगल टीम नजरे बनाए हुए है तथा किसी भी नियम के उलंघन पर टीम लीगल एक्शन के लिए तैयार है। बैठक का समापन त्रिवेणी का पौधा लगा कर किया।

### 30 बोतल अवैध शराब बरामद

**जींद।** पिल्लूखेड़ा पुलिस ने गांव कालवा में 30 बोतल नाजायज शराब बरामद की है। गश्त के दौरान पिल्लूखेड़ा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव कालवा का नन्दा कच्ची शराब निकालकर बेचने का काम करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर रेड की तो एक नौजवान लड़का अपने हाथ में प्लास्टिक की कैनी लेकर मकान से बाहर निकल रहा था। सामने पुलिस पार्टी को देखकर कैनी को मौके पर गिराकर फरार हो गया।

### मासिक वैदिक सत्संग का किया समापन

**सफीदों।** आर्य समाज सफीदों का मासिक वैदिक सत्संग नहर पूल स्थित आर्य समाज मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर भजनोपदेशिका बहन तन्नू आर्या (सोनीपत) तथा प्रवचनकर्ता स्वामी धर्मदेव महाराज (गुरूकुल पिल्लूखेड़ा) ने शिरकत की। इस अवसर पर सुबह हवन का आयोजन किया गया।

### चुनाव से संबंधित जानकारी के लिए डायल करें 1950

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से और पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाने के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा लोगों की सुविधा के लिए हैल्पलाइन नंबर 1950 भी जारी किया गया है।

### भाईचारा सबसे बड़ी ताकत : बीरेंद्र सिंह

**उचाना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने रविवार को हलके के विभिन्न गांवों में सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की। यहां पर कार्यकर्ताओं से रूबरू भी हुए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाईचारा सबसे बड़ी ताकत होती है।

### शाही लक्कड़हारा सांग का किया मंचन

**जींद।** भारतीय सांस्कृतिक कला केंद्र द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से गांव गतौली के समृद्धगिरी मंदिर के पास शाही लक्कड़हारा सांग का आयोजन किया गया। सांग का मंचन सांगी पं. वेदप्रकाश अत्री व उनकी टीम द्वारा किया गया। सोसायटी की सचिव नीलम शर्मा ने बताया की सांग का शुभारंभ गतौली पुलिस चौकी के प्रभारी कृष्ण कुमार, गांव के सरपंच हरिओम शर्मा, राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित सुभाष ढिगाना, जितेंद्र ढांडा ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

---

वैकल्पिक पहचान का प्रमाण दिखा कर डाल सकते है वोट

# मतदाता पहचान पत्र के बगैर भी कर पाएंगे मतदान : डीसी

बिना प्रमाण पत्र के केबल पर हुआ विज्ञापन का प्रसारण तो होगी कार्रवाई, लोस चुनाव के दौरान अवैध शराब पर कड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

अगर किसी मतदाता के पास निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र नही है तो वह वैकल्पिक पहचान का प्रमाण दिखा कर अपने मत का प्रयोग कर सकेगा। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची जारी की है लेकिन मतदाता का नाम मतदाता सूची में होना पहली अनिवार्यता है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र के ना होने पर भी मतदाता वोट डाल सकता है। इसके लिए मतदाता को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित किए गए दस्तावेजों में से किसी एक को दिखाना होगा। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को राहत देते हुए कहा है कि कोई भी मतदाता जिसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है वह वैकल्पिक पहचान दस्तावेज जैसे पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त पैंशन दस्तावेज, बैंक या डाकघर द्वारा जारी पासबुक, रा'य, केंद्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र उपकमोंर् या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पहचान पत्र, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत स्वास्थय बीमा स्मार्ट कार्ड या निर्वाचन तंत्र द्वारा जारी प्रमाणिक फोटो मतदाता पर्ची इत्यादि के जरिए भी अपने मत का इस्तेमाल कर सकता है। यदि मतदाता को किसी अन्य निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किया गया है तो वह पहचान पत्र भी मान्य होगा बशर्ते मतदाता का नाम संबधित क्षेत्र की मतदाता सूची में हो, जहां वह मतदान करने आया है।

### किसी भी सूरत में अवैध शराब की बिक्री न होने पाए

जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री न हो, इसके लिए संबंधित विभाग तत्परता से निगरानी करें और समय-समय पर अधिकृत शराब ठेकों पर रिकार्ड भी चेक करें। किसी भी हाल में जिला में अवैध शराब ना मिले। अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों खिलाफ सख्त से स त कार्रवाई की जाए। संदिग्ध लोगों व स्थानों पर कड़ी नजर रखते हुए जिला में अवैध शराब की सप्लाई को रोकने में सजगता रखनी है। इसके अलावा अवैध व नकली शराब की बिक्री जैसी गतिविधियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जाए। आबकारी विभाग के अधिकारियों को अगर चेकिंग जैसे कायोंर् में पुलिस विभाग की आवश्यकता है, तो पुलिस विभाग द्वारा उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी।


डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

### वियमों की अवहेलना पर होगी सख्त कार्रवाई

चुनाव प्रक्रिया के दौरान केबल ऑपरेटर बिना प्रमाण पत्र के किसी भी विज्ञापन का प्रसारण नहीं कर सकता है। ऐसा करने पर केबल ऑपरेटर के खिलाफ सख्त कार्यवाही हो सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोह मद इमरान रजा ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन कर दिया गया है। डीआईपीआरओ जींद इस कमेटी के सदस्य सचिव हैं। जिला के सभी केबल ऑपरेटरों को डीआईपीआरओ के माध्यम से समय-समय पर दिए जाने वाले निर्देशों का पालन निर्धारित समय पर करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कमेटी केबल चौनलों की गहनता से मॉनिटरिंग करेगी और केबल पर चलने वाले प्रत्येक विज्ञापन पर कड़ी नजर रहेगी। कोई भी केबल ऑपरेटर बिना कमेटी की अनुमति व प्रमाण पत्र के कोई भी विज्ञापन नहीं चला सकता है। अगर नियमों का उलंघन किया जाता है या केबल ऑपरेटर के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो तुरंत उस केबल ऑपरेटर के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। विज्ञापन प्रसारण के लिए संबंधित उम्मीदवार को एनैक्सचर-ए में आवेदन करना होगा, जिस पर विचार करके एमसीएमसी कमेटी विज्ञापन प्रसारण के लिए एनैक्सचर बी में प्रमाण पत्र देगी। विज्ञापन प्रसारण का प्रमाण पत्र लेने के लिए आवेदनकर्ता को प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापन की दो प्रतियां सीडी में देनी होंगी। विज्ञापन प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों पर एमसीएमसी कमेटी तीन दिन के अंदर फैसला लेगी। अगर किसी विज्ञापन के प्रसारण पर कमेटी को आपत्ति है तो वह आवेदन को निरस्त कर सकती है या फिर विज्ञापन को दुरूस्त करने के लिए संबंधित को लिख सकती है।

---



### बच्चों ने देशभक्ति गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया

**जुलाना।** जुलाना वरदे देवी कॉस्मो पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ब्राह्मणवास के प्रांगण में विद्यालय का 13 वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संस्था के चेयरमैन डा. हरिकिशन शर्मा रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य सतीश कुमार ने की। विद्यालय में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों ने शिक्षा व देश भक्ति गीतों से दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। नर्सरी कक्षा से 12वीं तक केविद्यार्थी जिन्होंने अपनी कक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिया व बोर्ड कक्षाओं में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लगभग 360 विद्यार्थियों को ट्राफी व मेडल देकर के स मानित किया गया।

## वन टाइम सेटलमेंट योजना 31 दिसंबर तक बढ़ाई जाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता डा. राजकुमार गोयल ने सरकार से मांग की है कि बकाया टैक्सों का निपटान करने के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना की अवधि को 30 मार्च से बढा कर 31 दिसंबर तक किया जाए। गोयल का कहना है कि व्यापारियों की लगातार मांग को देखते हुए व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग दास के नेतृत्व में यह मांग सरकार से की जा रही है। सरकार को व्यापारियों के हित में जल्द से जल्द इस मांग को पूरा करना चाहिए। गोयल का कहना है कि व्यापारियों की तरफ टैक्सों के जो भी केस बकाया है उन केसों के लिए आबकारी व काराधान विभाग द्वारा वन टाइम सेटलमेंट योजना की अवधी 30 मार्च की रखी हुई थी। सरकार को अब इस अवधि को बढाकर 31 दिसंबर तक कर देना चाहिए। यह अवधि बढा देने से जहां व्यापारियों के पेंडिंग केस कम हो जाएंगे ।


राजकुमार गोयल।

---




### एसएम स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**अलेवा।** एसएम पब्लिक स्कूल भोंसला में हषार्ेल्लास के साथ वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या इति गर्ग ने की तथा मुख्य रूप से समाजसेवी वजीर सिंह ने भाग लिया। इस अवसर पर मेधावी बच्चों को ईनाम देकर सम्मानित किया गया। बच्चों की हौंसलाअफ जाही के साथ अपने शायराना अंदाज में स्कूल अध्यापक अजय कुमार ने अभिभावकों का मन मोह लिया। स्कूल चेयरमैन सत्यवीर सिंह सैनी ने बच्चों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा की कम अंक वाले बच्चे निराश ना हो आने वाले समय में और अच्छा करने की कोशिश करें । स्कूल संचालक कुलदीप सिंह सैनी ने भी बच्चों को स्कूल प्रांगण, परिवार व देश के रतन बताते हुए तरक्की का रास्ता बताया।

### सात को नंदगढ़ में रमेश दलाल को किया जाएगा सम्मानित

**जुलाना।** राष्ट्रीय किसान नेता रमेश दलाल के सम्मान में नंदगढ़ के स्कूल में सर्वजातीय महापंचायत का आयोजन सात अप्रैल को किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर गांवों में लोगों को निमंत्रण दिए जा रहे हैं। नंदगढ़ गांव के सरपंच रोहताश ने बताया कि 12 रा'यों के जाटों को केंद्र की ओबीसी श्रेणी शामिल करवाने और समगोत्र विवाह को गैर कानूनी घोषित करवाने के लिए रमेश दलाल संघर्ष कर रहे हैं। मांगो को सरकार से मनवाने के लिए रमेश दलाल ने अपनी जिंदगी को दांव पर लगा कर लगातार 17 दिन तक केएमपी मांडोठी आसौदा टोल बहादुरगढ़ में आमरण अनशन किया। आचार संहिता लगने तक आमरण अनशन जारी रखा और हार नहीं मानी।

## दांतों व मुंह की सफाई की महत्ता समझाई

- मौखिक स्वास्थ्य पखवाडे क़े तहत बच्चों को वितरित किए ब्रश, टूथपेस्ट व स्टेशनरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएमओ डा. गोपाल गोयल के दिशा-निर्देशन में ईंट भट्ठों पर मौखिक स्वास्थ्य पखवाडे के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। डिप्टी सीएमओ (दंतक) डा. रमेश पांचाल ने दांतों व मुंह की सफाई की महत्ता समझाई। यहां बच्चों से बातचीत करने पर पता चला कि कोई भी सही तरीके से ब्रश का प्रयोग नही करता है। जिस पर डा. पांचाल ने लाइव डैमो से बच्चों तथा अभिभावकों को कैसे ब्रश करें यह विधि बताई साथ ही उन्होंने बताया कि हमें सुबह और रात को सोने से पहले दांतो को अच्छे से ब्रश करना चाहिए ताकि दांतो की किसी प्रकार की बीमारी से बचा जा सके। क्योंकि यदि हमारे दांत स्वस्थ होंगे तो हम लंबे समय तक इनसे स्वास्थ्य लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बच्चों को दांतों पर आसानी से चिपकने वाली चीजें जैसे कि चॉकलेट टॉफी आदि न खाने की सलाह दी। क्योंकि यह चीजें दातों में चिपक कर सड़न पैदा करती हैं और इनसे दांत जल्दी खराब होते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को धूम्रपान, हुक्का पीना व किसी भी प्रकार के नशे जर्दा, पान, मसाला, खैनी, गुटखा आदि न खाने की सलाह दी। क्योंकि इनसे हमारे स्वास्थ्य को बहुत नुकसान होता है। धूम्रपान से कैंसर होने का खतरा या संभावना बनी रहती है। धूम्रपान से न केवल हमारा नुकसान होता है बल्कि साथ बैठे जो धूम्रपान नहीं करते उनको भी उतना ही नुकसान होता है। अतः हमें इन बातों को अमल में लाते हुए दूसरों को भी इस बारे जागरूक करना चाहिए और हमें दांतो की साफ -सफाई रखनी चाहिए। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने ईंट भट्ठों पर लगभग 110 से 'यादा बच्चों को ब्रुश व टूथपेस्ट के साथ-साथ पोस्टर मेकिंग कलर, चार्ट, पैन व पैंसिल सहित अन्य स्टेशनरी का सामान भी वितरित किया और सभी बच्चों व उनके परिजनों को बच्चों को स्कूल में भेजने बारे प्रेरित किया। इसके अलावा बच्चों को टूथपेस्ट वह टूथ ब्रश वितरित किए और उनको नियमित दांतों को ब्रश करने की सलाह दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम में देवेंद्र शर्मा, जगदीश, विनोद उपस्थित रहे।


जींद। ईंट भट्ठे पर बच्चों को ब्रश करने की विधि बताते हुए डा. रमेश पांचाल। *फोटो : हरिभूमि*

---

### उचाना से 11 को पैदल जाएंगे माता भ्रामरी धाम श्रद्धालु

**उचाना।** आगामी 11 अप्रैल को तीसरे नवरात्र में पुरानी मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर के पास से सुबह पांच बजे देवभूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी धाम के लिए श्रद्धालुओं का पैदल जत्था जाएगा। जय मां बनभौरी सेवा समिति की अगुवाई में ये पैदल जत्था पहली बार उचाना से जाएगा। अब तक इस तरह का कोई जत्था नवरात्र में देवभूमि बनभौरी भ्रामरी माता धाम पर उचाना से नहीं गया है। कमेटी सदस्य विकास गर्ग ने बताया कि पैदल जाने वाले माता के भक्तों के लिए जगह-जगह पर जलपान की व्यवस्था भी की गई है। माता के गानों के साथ झूमते, नाचते हुए श्रद्धालु पैदल बनभौरी जांएगे।

## मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

- नव प्रगति वमावि का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अलेवा

डाहौला के नव प्रगति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के घोषित वार्षिक परीक्षा परिणाम में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्या लाजवंती ढिल्लों ने की तथा मुख्य रूप से निदेशक विरेंद्र ढिल्लों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रजवल्लित कर किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक व देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों व गणमान्य लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए निदेशक विरेंद्र ढिल्लों ने कहा कि स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा। परीक्षा में मैरिट, प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्रों को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल स्टाफ के अलावा काफ ी संख्या में अभिभावक व गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्राचार्या ने सभी बच्चों को स्कूल प्रांगण, परिवार व देश के रतन बताते तरक्की का रास्ता बताया।


अलेवा। नव प्रगति स्कूल डाहौला में मेधावी बच्चों के साथ स्टाफ सदस्य व अन्य।

### पर्यावरण शुद्धि और समृद्धि के लिए हवन

**नरवाना।** रविवार को आर्य समाज नरवाना में पर्यावरण शुद्धि एवं समृद्धि के लिए यज्ञ हवन किया गया। साप्ताहिक सत्संग में धर्मपाल आर्य ने कर्म से महानता एवं दिव्य शक्तियों से कीर्ति और यशपाल आर्य ने प्रार्थना और उपासना से ईश्वर स्तुति का यशोगान किया। आर्य समाज प्रधान चंद्रकांत आर्य ने कहा कि वीर भोग्या वसुंधरा के अनुसार वीर शिवाजी ने भारत की संस्कृति के अनुरुप स्वराज की स्थापना की थी। मुगलों एवं हैदराबाद के निजाम के आतंक से हिंदू जनता को स्वतंत्र कराया। भारत की खोई हुई गौरव और गरिमा को पूर्ण स्थापित किया। जयपाल सिंह आर्य ने कहा कि वैदिक ज्ञान परंपरा में मन निग्रह से आत्मज्ञान, बल, बुद्धि, विद्या से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्त होती है।



### बिनैण खाप कार्यकारिणी का किया गठन

**जींद।** गांव दनौदा के ऐतिहासिक चबूतरे पर रविवार को बिनैण खाप की कार्यकारिणी गठन को लेकर बिनैण खाप पंचायत का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बिनैण खाप के प्रधान रघुवीर नैन ने की। जिसमें सर्वसम्मति से धमतान तपा के रामभगत, कालवन तपा के प्रीतम नैन, फकीर चंद को खाप का उपप्रधान बनाया गया। जबकि बलजीत फौजी को महामंत्री तथा रतना जैलदार को खाप का संगठन मंत्री बनाया गया है। मास्टर रघुबीर कन्हडी तथा पप्पू शर्मा फौजी, रंगीराम को खाप का प्रवक्ता बनाया गया है। रामेहर दनौदा को खाप का खजांची, जीत बहादुर फूलिया को सचिव, अधिवक्ता रणधीर नैन को खाप का कानूनी सलाहकार, होशियार सिंह तथा संदीप को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। खाप के प्रधान रघुवीर नैन ने कहा कि खाप प्रधान राजनीति से दूर रहता है। खाप का उद्देश्य सामाजिक तानेबाने और भाईचारे को बनाए रखना है। जल्द ही एक्शन कमेटी का भी गठन किया जाएगा।

---

## आत्मनिर्भर भारत में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की भूमिका पर व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन की शुरुआत शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवकों के द्वारा कॉलेज परिसर में योगासन एवं प्राणायाम के माध्यम से हुई। इसके पश्चात राष्ट्रीय स्वयं सेवकों द्वारा कॉलेज की साफ-सफाई की गई। अगले सत्र में रमेश सिंगला राष्ट्रीय प्रशिक्षक ने शिरकत की।

जिन्होंने आत्मनिर्भर भारत में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की भूमिका पर अपना वक्तव्य दिया और छात्राओं को समझाया कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं से ही शुरुआत करनी पड़ेगी। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने हर काम को कोशल तरीके से करने की आदत डाल ले तो भारत स्वयं ही आत्मनिर्भर बन सकता है। क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति में भारत बसता है। उन्होंने समझाया कि मौका मिलने पर कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए और सदैव पहल करने की आदत को अपने व्यवहार में शामिल करना चाहिए। छात्राओं को बताया कि ब्रह्मांड में कोई भी दो व्यक्ति सामान नहीं हो सकते। प्रत्येक व्यक्ति अपने आप में अद्वितीय है और राष्ट्र सेवा में अनूठी भागीदारी दे सकता है। उन्होंने आगे श्रीमद्भागवद गीता के आखिरी श्लोक का उदाहरण देते हुए स्वयंसेवकों को समझाया कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में योगेश्वर कृष्ण समान एक मार्गदर्शक अवश्य होना चाहिए।

गांव बड़ौदा में मेगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन

## संतों के दिखाए मार्ग पर चलने से जीवन होगा सफल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उचाना

बड़ौदा गांव में मुनि मायाराम जैन अस्पताल में मेगा आंखों की मुफ्त जांच एवं ऑपरेशन कैंप, स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर का आयोजन किया। राष्ट्रसंत उत्तर भारतीय प्रवर्तक गुरूदेव सुभद्र मुनि महाराज के सान्निध्य एवं जगद्वल्लभ अमित मुनि महाराज के दिशा-निर्देश में इस कैंप का आयोजन हुआ। जैन समाज में ध्वजारोहण करके किसी भी कार्यक्रम की शुरूआत की जाती है। प्रमुख समाज सेवी वीरेंद्र करसिंधु द्वारा ध्वजारोहण करके कार्यक्रम को आरंभ किया। वीरेंद्र करसिंधु ने कहा कि इस तरह के कैंपों का आयोजन में ग्रामीणों को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। कई दिनों से बड़ौदा जैन स्थानक में राष्ट्रसंत उत्तर भारतीय प्रवर्तक गुरूदेव सुभद्र मुनि महाराज विराजमान है। बड़ौदा गांव की भूमि जैन संतों की भूमि है। बड़ौदा गांव पूरे देश में ऐसा पहला गांव है जहां से 50 के आस-पास जैन मुनि, साध्वी की दीक्षा ग्रहण की है। ये भूमि मुनि मायाराम के जन्म स्थली है। मुनि मायाराम की आवाज में इतनी मिठास थी कि पंजाब में उन्हें पंजाब की कोयल की उपाधि दी गई। संतों के दिखाए मार्ग पर चलने से जीवन सफल होता है।


ध्वजारोहण करके कार्यक्रम को आरंभ करते हुए समाज सेवी वीरेंद्र करसिंधु।

### गलती माफ करने वाला बड़ा

सुभद्र मुनि ने कहा कि जो किसी के काम आता है भगवान उसका साथ देता है। नेकी के रास्ते पर इंसान को चलना चाहिए। कोई गलती करे तो उसे माफ करने वाला बड़ा होता है। इंसान गलतियों का पुतला होता है जिससे गलती होती है। अंजान में हुई गलती गलती नहीं होती है। उस गलती को माफ करने वाला बड़ा होता है। शिविर में 1200 से अधिक मरीज पहुचे। 750 आंखों की जांच हुई, 100 की आंखों का आपरेशन मुफ्त होगा, रक्तदान शिविर में 60 यूनिट रक्तदान हुआ। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य की जांच भी की। मुख्य अतिथि के तौर पर सीएमओ डॉ. गोपाल गोयल सिविल सर्जन जींद, डॉ. चंद्रमोहन शर्मा एमएस लैपरो सर्जन सिविल अस्पताल जींद पहुंचे। मुफ्त शिविर में आस-पास के गांवों से लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर अमित मुनि, नेत्र विशेषज्ञ सर्जन डॉ. मानवेंद्र सिंह, हड्डी के सर्जन डॉ. अजय शर्मा, डॉ. सुकृति सहित अनेक चिकित्सक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के आरोप में आठ पर केस दर्ज

**कैथल।** गांव पबनावा में आठ आरोपियों ने एक युवक से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी अमित ने ढांड थाना में शिकायत दी कि 23 को आरोपी सिल्ला, शुभम, सचिन, रोहित, राहुल, मोहित, रवि व कालू ने उसे थप्पड़-मुक्कों व रॉड से पीटकर घायल कर दिया। जांच अधिकारी बलकार सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आभूषण व नकदी चोरी करने वाले तीन काबू

**हिसार।** सूर्य नगर चौकी पुलिस ने मकान से आभूषण और नकदी चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें मॉडल टाउन निवासी अनिल उर्फ बिहारी, अरुण उर्फ काकू और रितेश उर्फ ढोल शामिल है। आरोपियों की अपराधिक पृष्ठभूमि है और वे नशा करने के आदी है।

### पर्स व मोबाइल छीनने के मामले में दो पकड़े

**हिसार।** थाना अर्बन एस्टेट पुलिस ने ओम कॉम्प्लेक्स के पास से महिला से पर्स फोन छीनने के मामले में दो आरोपियों घोड़ा फार्म रोड निवासी दीपक उर्फ चकरी और 12 क्वार्टर निवासी आकाश को गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जांच अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों द्वारा छीना गया मोबाइल फोन बरामद करके उन्हें गिरफ्तार करलिया है।

## राजकीय विद्यालय बरटा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

# परीक्षा में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरटा द्वारा 2023-24 का पहली से नौंवी कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । सभी विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीना देवी ने परीक्षा में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें आशीर्वाद देते हुए उन्हें सम्मानित किया। पहली कक्षा में प्रथम स्थान यक्ष, द्वितीय स्थान नितेश और तृतीय स्थान दीपांशु का रहा। दूसरी कक्षा में प्रथम स्थान अनमोल, द्वितीय स्थान अंकुश और तृतीय स्थान अंकित का रहा। तीसरी कक्षा में प्रथम स्थान ओस्मान, द्वितीय स्थान जगशीर और तृतीय स्थान लवली का रहा। चौथी कक्षा में प्रथम स्थान रोहन, द्वितीय स्थान केशव और मयंक एवं तृतीय स्थान विकास का रहा। पांचवी कक्षा में प्रथम स्थान सुमित , द्वितीय स्थान हरमन का और तृतीय स्थान नैतिक का रहा। छठी कक्षा में प्रथम स्थान पावनी द्वितीय स्थान जन्नत और तृतीय स्थान लविश और अंकित का रहा । सातवीं कक्षा में प्रथम स्थान अनिकेत और हैनी द्वितीय स्थान आशु और तृतीय स्थान शेखर का रहा। कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान प्रियांशी द्वितीय स्थान प्रिंस और तृतीय स्थान शीतल का रहा। कक्षा नवमी में प्रथम स्थान यशप्रीत, द्वितीय स्थान स्नेह और तृतीय स्थान चेतन का रहा। कुलदीप, सत्या, उमा, पवन, रितु, मधुबाला, रामनिवास, सुरेंद्र मौजूद रहे।

### बच्चों को अगली कक्षा में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया



**राजौंद।** क्लस्टर रोहेड़ा के सभी विद्यालयों में पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को सम्मानित किया गया एवं उनको अगले वर्ष अगली कक्षा में इससे भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान क्लस्टर हैड बलविंदर सिंह एबीआरसी पवन कुमार, प्राचार्य सुरेश पाल सिकंदर, कुलदीप व समस्त प्राथमिक विद्यालयों के मुखिया मौजूद रहे। जिसमें रणधीर, जोगिंद्र, मोनिका, संदीप ने सभी बच्चों को प्रेरित किया एवं अभिभावकों को भी नए स्तर में अधिक से अधिक नामांकन सरकारी विद्यालयों में करवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी अभिभावकों को विश्वास दिलवाया की सरकारी विद्यालय हर क्षेत्र में अग्रणी है और अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य सरकारी विद्यालयों में दाखिला करवाएं।

### आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**राजौंद।** आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान विद्यालय ने उच्चतम प्रदर्शन का दर्जा प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि यह विद्यार्थियों के परिश्रम और शिक्षकों की संघर्ष शीलता का परिणाम है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह परीक्षा परिणाम उनके निष्ठावान व मेहनती शिक्षकों और स्थायी प्रशासनिक कार्यक्रम का परिणाम है। इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी और उत्कृष्टता के लिए प्रशंसा की।इस दौरान विद्यार्थियों को अगले चरण में उच्च स्तर की शिक्षा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय आस पास के क्षेत्र मे सर्वोत्तम शैक्षणिक संस्थान की अपनी एक अलग पहचान है। यहां वह सभी प्रकार की सुविधाएं एक छत के नीचे मिलती है जो विद्यार्थी के मानसिक शारीरिक व शैक्षणिक विकास के लिए जरूरी है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल पुंडरी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत




**पूंडरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल पुंडरी के जूनियर विंग में कक्षा नर्सरी से लेकर तीसरी तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जो की शत प्रतिशत रहा। स्कूल की प्राचार्य साधना बक्शी जी ने इस अवसर पर बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी। प्राचार्य ने बताया कि इससे पहले सीनियर विंग में भी बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था जो की शत प्रतिशत रहा। प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षकों की मेहनत और बच्चों की लगन से यह सब संभव हुआ है। प्राचार्य ने इस मौके पर बच्चों के उ'जवल भविष्य की कामना की और उन्हें इसी तरह आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ भी मौजूद था।

# सुशील गुप्ता के प्रचार में उतरे रणदीप सुरजेवाला



**कैथल।** जनसभा को संबोधित करते भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला। फोटो : हरिभूमि

■ कसिरटा, खुराना रोड, गुहला में बोपुर और पुंडरी में गांव डीग व फरल में किया जनसभाओं को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज कैथल जिले में संसदीय चुनाव को लेकर तूफानी दौरे किए। उनके साथ में लोकसभा कुरुक्षेत्र से इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी सुशील गुप्ता भी शामिल रहे।

चीका में बोपुर, कैथल में गांव सिरटा, खुराना रोड़, पुंडरी में गांव डीग व फरल में जनसभाओं को समर्थन किया। रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार का 10 साल का शासन युवा, किसान, गरीब व जनविरोधी साबित हुआ है। कांग्रेस शासन में जितने काम हुए उससे अलग भाजपा सरकार अपने 10 साल के शासन में एक भी नया काम नहीं करवा पाई। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली घर, वाटरवर्क्स, खेल स्टेडियम, पार्क, अस्पताल, 36 बिरादरी की धर्मशालाएं, रोजगार के साधन अगर किसी ने कैथल को चमकाया तो वो सिर्फ कांग्रेस पार्टी व आपका अपना भाई रणदीप ही द्वारा किए गए। जो हमने बनाया उसे भाजपा द्वारा संभालना तो दूर बल्कि समस्त कैथल जिले को बर्बाद करने का काम इनके द्वारा किया गया। आज सरकारी दफ़्तरों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, सरकारी दफ़्तरों से भाजपा नेताओं को हर महीने 3-3 मंथली जा रही है।

जब कांग्रेस व रणदीप सुरजेवाला का शासन था तो किसी अधिकारी की हिम्मत नहीं थी कि वो जनता के साथ बदसलूकी की हो या भ्रष्टाचार का बोलबाला हो। सुरजेवाला ने सुशील गुप्ता के समर्थन में लोगों से वोट की अपील करते हुए कहा कि आप गठबंधन प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाएं आपके हर कार्य की जिम्मेवारी मैं लेता हूं। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डॉ सुशील गुप्ता ने लोगों का अभिवादन करते हुए कहा कि भाजपा की तानाशाही को खत्म करने के लिए इंडिया गठबंधन को वोट करें। ये जीत आप सबकी जीत होगी और कहा कि जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहूंगा।

# स्कूल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान बने मृत्युंजय मारुति शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



स्कूल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी के राज्य प्रधान गणेश कुमार की अध्यक्षता में कैथल जिले में जिला प्रधान चुनने बारे बैठक हुई। इसमें मृत्युंजय मारुति शर्मा ने 55 वोटों से अपने प्रतिद्वंदी उम्मीदवार से जीत हासिल की। यूनियन के प्रदेश प्रधान गणेश कुमार ने बताया की जिले के प्रधान पद के चुनाव हेतु मार्च तक नाम मांगे गए थे इसमें मृत्युंजय मारुति शर्मा व ऋषिपाल ने प्रधान पद के लिए अपने नामांकन पत्र दिए थे । जिसके बाद वोटिंग करवाई गई जिसमें मारुति शर्मा को जिला प्रधान नियुक्त किया गया है । यूनियन के प्रदेश महासचिव अनिल ग्रेवाल ने बताया कि पूर्व जिला प्रधान राजेन्द्र ढुल के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने जिला प्रधान के पद से अपना त्यागपत्र दे दिया था। तब से जिले में नए जिला प्रधान की नियुक्ति होनी थी जिस कड़ी में आज मारुति शर्मा जिला प्रधान चुने गए हैं। उन्होंने बताया कि लिपिक वर्ग अपनी 35400 की मांग के लिए तब तक लड़ता रहेगा जब तक हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती। उन्होंने सभी साथियों से अपील करते हुए कहा कि सभी साथी आपसी भाईचारा बनाकरअपनी मांग के लिए मिलजुल कर संघर्ष करें। चुनाव पर्यवेक्षक प्रवेश कुमार व सह पर्यवेक्षक देवेन्द्र खूंगा व जंगीर फौजी ने चुनावी कार्यवाही सम्पन्न होने के बाद मारुति शर्मा को बधाई देते हुए कहा की हमें अपने साथी पर पूरा विश्वास है कि नवनिर्वाचित जिला प्रधान अपने पूरे जिले के सभी साथियों को साथ लेकर चलेंगे व आगामी तीन वर्ष तक जिले का नेतृत्व बेहद निष्ठा के साथ करेंगे । पूर्व जिला प्रधान राजेन्द्र ढुल व पूर्व प्रदेश महासचिव कर्ण सिंह मोगा ने साथियों को अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा संगठन सरकार की वायदाखिलाफी का एकजुट होकर डट कर विरोध करता रहेगा व अपने हड़ताल के 42 दिन को ड्यूटी पीरियड मनवा कर ही रहेगा । राज्य प्रधान ने बताया कि मारुति शर्मा के नाम अतिशीघ्र ऑथोराइज्ड पत्र जारी कर दिया जाएगा। बताया कि क्लेरिकल एसोसिएशन वैलफेयर सोसायटी इसके अलावा अब जिला प्रधान द्वारा अतिशिघ्र जिला व ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर पूर्व प्रधान राजेन्द्र ढुल, पूर्व राज्य महासचिवरू करर्ण सिंह मोगा, प्रदेश टीम से सदस्य सुरेश कौशिक, प्रदेश टीम से सदस्य प्रवेश कुमार व मनीष सिंगला, गुहला ब्लॉक प्रधान सुशील कुमार , ऋषिपाल, सीवन ब्लॉक प्रधान कृष्ण कुमार, पुण्डरी ब्लॉक प्रधान सतीश कुमार, राजौंद ब्लॉक प्रधान वीरेंद्र कुमार, अनिल शर्मा, रामभूल, शिवकेश शर्मा, अजय जांगड़ा, अनिल दीक्षित, सुरेन्द्र, हरेन्द्र शर्मा, रितु शर्मा, मुक्ता गुलाटी, सरीता, अनीता, पायल आदि उपस्थित थे।

# हर मतदाता के लिए मतदान गर्व और गौरव की बात

■ पात्र व्यक्ति वोट बनवाने के लिए 26 अप्रैल तक कर सकते हैं ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि एक जनवरी, 2024 को 18 साल की आयु पार कर चुके युवा एवं युवतियां लोकसभा नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले अपना वोट अवश्य बनवा लें। चुनाव में मतदान करना प्रत्येक मतदाता के लिए गर्व और गौरव की अनुभूति करवाता है। आम नागरिक 26 अप्रैल, 2024 तक अपना वोट बनवाकर और चुनाव का पर्व-देश का गर्व में अपनी गौरवशाली उपस्थिति दर्ज करवा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि प्रत्येक मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव-2024 को चुनाव का पर्व-देश का गर्व स्लोगन दिया है, जो कि बिल्कुल सही है। चुनाव में हर एक मतदाता को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मतदान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के तहत हरियाणा प्रदेश में 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नया वोटर आईडी कार्ड बनवाने के लिए इस तिथि से पहले युवाओं को आवेदन करना होगा। जो युवा एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु के हो चुके हैं, वे अपने नजदीक के पोलिंग स्टेशन से संबंधित बीएलओ से फार्म संख्या 6 लेकर ऑफलाईन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा सीईओ.ईसीआईहरियाणा. जीओवी.इन वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए एक और हेल्पलाइन एनवीपीएस पोर्टल है। इसके बारे में वोटर हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1950 से भी जानकारी ली जा सकती है जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में और अधिक मतदान होना चाहिए। इसके लिए जिला वासियों को जिला प्रशासन को अपना सहयोग देना होगा। वोट डालने के लिए मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है। इसलिए जिन युवकों या युवतियों का अभी तक मतदाता सूची में नाम नहीं जुड़ा हैं, वे अपना वोट बनवा सकते हैं। इस कार्य में अभिभावकों को भी आगे आकर अपने बालिग बच्चों का वोट बनवाना चाहिए।

### नेत्रहीन मतदाताओं के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में होगी जारी



**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में छपवाई जाएगी और ब्रेल बैलेट पेपर तथा ईवीएम पर स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, दिव्यांग मतदाताओं को अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिसमें व्हीलचेयर की व्यवस्था, मतदान केंद्रों में रैम्प और परिवहन की सुविधा शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रशांत पंवार ने बताया कि सभी दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने और वापस घर छोड़ने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। जो मतदाता चलने में असमर्थ हैं, उन दिव्यांग मतदाताओं को व्हीलचेयर भी उपलब्ध करवाई जाएगी और प्रत्येक मतदान केंद्र पर रैम्प की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके साथ ही, उनकी सहायता के लिए एनसीसी, एनएसएस और रेडक्रॉस वॉलंटियर्स की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि नेत्रहीन दिव्यांग मतदाता और असक्त दिव्यांग मतदाता जो मशीन का बटन दबाकर वोट डालने में असमर्थ हैं, वे वोट डालने के लिए एक सहयोगी को अपने साथ लेकर जा सकते हैं। सहयोगी की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि दिव्यांग मतदाता जो स्वयं ईवीएम का बटन दबाकर वोट डालने में समर्थ हैं, उन मतदाताओं के साथ आने वाले सहयोगी दिव्यांग मतदाता को वोटिंग कक्ष तक ले जा सकते हैं, परंतु सहयोगी वोटिंग कक्ष के अंदर नहीं जा सकते हैं।

### चुनाव में वरिष्ठ नागरिकों के लिए दी जाएं विशेष सुविधाएं : रूलदु राम



**कैथल।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की मासिक बैठक वरिष्ठ नागरिक भवन में प्रधान रूलदु राम व संरक्षक यशवीर आर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई । सर्वप्रथम गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया। इसके बाद वरिष्ठ नागरिक सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखें। प्रशासन उपायुक्त कैथल से यह प्रार्थना की गई की आने वाले चुनाव में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की जाए व उनके बैठने की जगह व पानी की व्यवस्था की जाए। वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक अलग लाइन बनवाई जाए व उम्र को मध्य नजर रखते हुए चुनाव के समय वेटिंग करने के लिए उन्हें ज्यादा देर तक खड़ा ना रखा जाए। इस अवसर पर यह भी विचार आया कि 70 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को वोट देने की व्यवस्था उनके निवास स्थान पर की जाए । सभी वरिष्ठ नागरिकों को बैसाखी की शुभ कामनाएंस इस अवसर पर श्याम बहादुर खुरानिया को पुरानी अनाज मंडी के 27वीं बार प्रधान बनने पर बधाई दी गई। इस अवसर पर प्रधान रूलदु राम, श्याम बहादुर खुरानिया, सुभाष चंद्र सेक्रेटरी, चांदीराम रंगा, टी सी गुप्ता, लख्मी चंद, यशवीर आर्य आदि उपस्थित थे।

### भागवत कथा के समापन पर लगाया भंडारा

**कैथल।** नगर के डेरा बाबा नागा जी योगाश्रम एवं गौशाला में चल रहे श्री भागवत कथा का समापन हो गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कथा व्यास गिरधारी भैया ने अन्तिम दिन सुदामा चरित्र, भगवान दत्तात्रेय, राजा परिक्षित के बारे में उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया। कथा में श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री भागवत में भजनों का आनन्द लिया। कथा में परीक्षित एवं मुख्य यजमान के तौर पर कृष्ण गर्ग व उनकी धर्मपत्नी सीमा गर्ग उपस्थित रहे। सुबह के समय योगाश्रम में हवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में सबसे पहले साधु समाज को भोजन करवाया गया और उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सेवा करने वालों में डा. अंकुर गर्ग, डा. बृज सिंगला, खुशी राम, बलदेव राज, रमेश शास्त्री, राजा राणा, ओम प्रकाश सैनी, राम कुमार नन्द्धु, विजय शर्मा व अन्य शामिल थे।



### रक्तदान कैंप का आयोजन दो को

**गुहला चीका।** नेकी की दीवार चैरिटेबल ट्रस्ट संस्था गुहला के द्वारा रूबी वेदाम अन्नापुरम फाउंडेशन के सहयोग से पहले रक्तदान शिविर का आयोजन 2 अप्रैल दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे से लेकर 1बजे तक नई नगर पालिका के साथ गुहला रोड चीका में लगाया जाएगा। संस्था के प्रधान सागर भारद्वाज व कौशल अग्रवाल ने अपील की है। कि सभी रक्तदानि नेकी की दीवार चैरिटेबल ट्रस्ट के पहले रक्तदान शिविर में ज्यादा से ज्यादा रक्तदानी पहुंचे।

# किसान नेताओ ने शहीद को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



भाकियू युवा जिला प्रधान हरदीप बदसूई ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तानाशाही पर उतरे हुए हैं और किसानों को भी अब वे अन्नदाता के तौर पर न मानकर उन्हें कई प्रकार के छदम्म नामों से उन पर कटाक्ष करते हैं जो कि प्रधानमंत्री जैसे इतने बड़े पद पर बैठे हुए किसी भी व्यक्ति को शोभा नहीं देता। किसान नेता गांव बदसूई में शहीद किसान शुभकरण को श्रद्धांजली देने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शायद भाजपा नेताओं को यह नहीं पता कि किसान किस मिट्टी से बने हुए हैं। किसान नेता ने कहा कि भाजपा सत्ता के नशे में पूरी तरह से चूर है, जिसके चलते वह किसानों की बातों को सुन तक नहीं रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते किसानों की मांगों को नहीं माना गया तो फिर लोकसभा चुनावों में किसान भाजपा उम्मीदवारों को नाकों चने चबाने का काम करेंगे। हरदीप ने कहा कि किसानों का कोई कसूर तो बताए, तो सिर्फ वही मांगा जो पिछले किसान आन्दोलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की मांग पर जिन वायदों को पूरा करने का वचन दिया था परंतु जब किसानों ने मोदी को उनका वादा याद दिलाया तो कलाठी, डंडे व गोलियां चला दी ।

# पुलिस ने बढ़ाई महाराजा अग्रसेन पार्क की निगरानी

### थाना प्रभारी ने पुलिस टीम के साथ किया मुआयना



**कलायत।** पार्क महिलाओं से बातचीत करते थाना प्रभारी रामनिवास।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

कलायत के प्राचीन श्री कपिल मुनि सरोवर तट पर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में सैरगाह और योगा के लिए आने वाली महिलाओं को परेशान करने वाले मनचलों पर पुलिस ने कड़ा संज्ञान लिया है। सुरक्षित माहौल कायम करने के लिए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामनिवास ने पुलिस टीम के साथ पार्क में दस्तक दी। पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की टीम के पार्क की तरफ आने की भनक लगते ही मनचले इधर-उधर से भाग खड़ हुए। इस मंजर को देखकर पार्क में टहलने वाले बेहद खुश नजर आए। उन्होंने पुलिस के इस संज्ञान का स्वागत किया। उपरांत थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामनिवास ने महिलाओं व बच्चों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि निरंतर पार्क में सुरक्षा पहलुओं पर नजर रखने के लिए पीसीआर, राइडर, पैदल व सिविल ड्रेस में कर्मियों को एक्टिव रखने का नर्णिय लिया गया है। पुलिस हर स्तर पर महिलाओं-बच्चों व आम नागरिकों को सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने को सजग है। लोग बेहिचक होकर किसी प्रकार की परेशानी महसूस होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। इसके लिए पार्क में नंबरों को चस्पा किया गया है।

**अभिनंदन** | गांव फतेहपुर के आर्य समाज में कार्यक्रम का आयोजन

# हरियाणवी साहित्य अकादमी के नवनियुक्त निदेशक का नागरिक अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



**पूंडरी।** गांव फतेहपुर में डा.धर्मदेव विद्यार्थी को सम्मानित करते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा हिंदी एवं हरियाणवी साहित्य अकादमी के नवनियुक्त निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी का नागरिक अभिनंदन रविवार को गांव फतेहपुर में किया गया। आर्य समाज मंदिर फतेहपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में धार्मिक और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामवासियों द्वारा शहीद गिरधरलाल अलुवालिया चौक से स्वागत कर आर्य समाज मंदिर तक ले जाया गया। सर्वप्रथम 1857 की क्रांति में शहीद हुए शहीद गिरधरलाल अहलूवालिया जी की प्रतिमा को फूलमाला चढकर नमन किया। उसके बाद विभिन्न समाजसेवी व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों ने डा.विद्यार्थी का स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए रूपेंद्र वालिया ने डा.विद्यार्थी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि गांव फतेहपुर में पले बढ़े डॉक्टर धर्म देव विद्यार्थी डीएवी संस्थाओं के क्षेत्रीय निदेशक हैं। जिन्होंने 50 से अधिक स्कूल कॉलेज संस्थाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया है। वर्तमान में डीएवी संस्थाओं के क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्य कर रहे हैं। एक हजार से अधिक गरीब कन्याओं की शादियां करवा चुके हैं और साहित्य के क्षेत्र में 40 अधिक पुस्तकों लिखी। डॉक्टर विद्यार्थी राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हैं और बहादुरी के लिए रेड एंड व्हाइट ब्रेवरी अवार्ड से सम्मानित है। डॉ धर्मदेव विद्यार्थी गांव के सैकड़ों रोजगार देकर उन्हें सक्षम बनाया है। इस कार्यक्रम में उनके साथ उनकी धर्मपत्नी प्राचार्य रश्मि विद्यार्थी, उनकी माता सुशीला देवी, भाई नवीन वालिया व अन्य परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। आर्य समाज के प्रधान धर्मपाल वालिया के द्वारा अभिनंदन पत्र पढ़ा गया और समस्त ग्रामीणों द्वारा अभिनंदन पत्र भेंट किया। इस मौके पर वृद्ध आश्रम प्रधान जगजीत वालिया, समाज कल्याण समिति के प्रधान दिलीप कपूर, मनसा देवी तीर्थ सभा फतेहपुर के प्रधान संजीव वालिया, विनोद बोहरा, अनिल अहलूवालिया, पीएसएसएम प्रधान अनिल आर्य, राम कुमार वर्मा, रामपाल गोरा, राजवीर, भगवानदास, पप्पू प्रधान, अनिल वालिया, राम प्रकाश गोगी, सुरेश बोदला एवं ग्रामवासी मौजूद रहे। धर्मदेव विद्यार्थी ने इस प्यार आशीर्वाद और अभिनंदन के लिए समस्त ग्राम वासियों का धन्यवाद किया और भरोसा दिलाया कि वह उनके हर काम में कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलेंगे और जो भी जिम्मेवारी गांव और समाज उन्हें देगा वो उन्हें पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे।

खबर संक्षेप

## शराब ठेके के कारिंदे से मोबाइल व नकदी लूटे

**कैथल।** गांव पाई में दो अज्ञात आरोपी शराब के ठेके पर कारिंदे को चाकू दिखाकर 1470 रुपये, शराब व कारिंदे का मोबाइल लूटकर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव करोड़ा निवासी प्रवीन कुमार ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि उसने गांव पाई में शराब का ठेका लिया हुआ है। 30 मार्च को रात करीब साढ़े आठ बजे उसके ठेके पर बजीरखेड़ा निवासी कृष्ण नाम का कारिंदा बैठा था।

## मकान का ताला तोड़कर नकदी व गहने चुराए

**कैथल।** सेक्टर 19 में चोर एक मकान का ताला तोडकर नकदी व गहने चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर निवासी केहर सिंह ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 23 से 30 मार्च के बीच अज्ञात आरोपी उनके घर का ताला तोडकर साढ़े 17 हजार रुपये व चांदी के गहने चोरी कर ले गए। जांच अधिकारी जगभान सिंह ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शिविर में बताए जाएंगे शुगर के रोकथाम की विधियां

**गुहला-चीका।** भारतीय योग संस्थान जिला चीका द्वारा 3 मार्च से 7 मार्च तक पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के जिला प्रधान डॉ. विनोद गुप्ता ने बताया कि संस्था के हुड्डा आर 3 के स्कूल वाले केंद्र पर 3 अप्रैल 7 अप्रैल तक लगाए जाने वाले इस योग शिविर में शुगर से बचाव व रोकथाम की विधियां बताने के साथ साथ योग क्रियाओं द्वारा खुद को स्वस्थ रखने के तरीके बताएं जाएंगे। डॉ. गुप्ता ने बताया कि शिविर में शुगर की रोकथाम की विधियां बताई जाएगी।

## पटियाला चौक पर जागरण छह को

**जींद।** शहीदे आजम युवा क्लब के तत्वाधान में आगामी 6 अप्रैल को 38वां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन पटियाला चौंक स्थित जागरण ग्राउंड में किया जाएगा। क्लब प्रधान गुलशन सलूजा ने कहा कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी भगवती जागरण भव्य तौर पर आयोजित किया जाएगा और स्थानीय कलाकारों के अलावा बाहर से आए कलाकार इस जागरण में मां भगवती की भेंटें सुना श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगे।

# नए शैक्षणिक सत्र में जिले को मिली 6 पीएम श्री राजकीय स्कूलों की सौगात

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

जिले के विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए खुशखबरी है। केंद्र सरकार की पीएम श्री अर्थात प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया- के तहत नए शैक्षणिक सत्र 2024 से अब जिले को छह नए पीएम श्री स्कूल मिलने ला रहे हैं। ये स्कूल प्रत्येक ब्लाक में एक होगा। बता दें कि इससे पूर्व जिले में सात पीएम श्री स्कूल चलाए जा रहे हैं। इन स्कूलों का परीक्षा परिणाम व गुणवत्ता सही रहने के चलते अब सरकार ने पीएम श्री योजना का विस्तार करने का निर्णय लिया है। इस योजना का उद्देश्य है कि 14,500 स्कूल को मॉडल स्कूल में बदलकर आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ना है। इस योजना से बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान की जाएगी। बता दें कि पीएम श्री योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 29 जुलाई 2023 द्वारा शुरू की गई थी। गौरतलब है कि अब तक जिले में सात पीएम श्री स्कूल बनाए गए हैं। इनमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन, फरल, नरड, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हाबडी, भूना, कमालपुर तथा सोंगल शामिल हैं।

### जिले के विद्यार्थियों को मिलेंगी शिक्षा की आधुनिक सुविधाएं

**पीएम श्री स्कूलों की ये हैं सुविधाएं**

पीएम एसएचआरआई स्कूल समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए स्मार्ट कक्षाओं, पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं और खेल सुविधाओं सहित अत्याधुनिक सुविधाओं का दावा करते हैं।

**ये है योजना का मुख्य उद्देश्य**

प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण
स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम
स्कूल को अपग्रेडेशन करना है।
सभी स्कूलों में नई शिक्षा नीती को जोड़ा जाना है। ताकि यह देश में मॉडल स्कूल बन सके।
विद्यार्थियों को उच्च गुणता गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त हो सकेंगे।
प्राकृतिक रूप से खेती किए गए,पोषण उद्यान, स्मार्ट अपशिष्ट निपटान,जल संरक्षण ,स्कूलों को सौर पैनलों, संचयन प्रणाली और प्रबंधन प्रणाली,आदि के साथ ग्रीन स्कूल के रूप में भी इस योजना के तहत विकसित किया जाएगा।




**अब ये बनाए जाएंगे पीएम श्री स्कूल**

| खंड का नाम | स्कूल का नाम |
|---|---|
| ढांड | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पबनावा |
| गुहला | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलबेहडा |
| कैथल | राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखोली अड्डा कैथल। |
| कलायत | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाता |
| पूंडरी | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाई। |
| राजौंद | राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद। |
| सीवन | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगथली। |

**बेहतरीन शिक्षा दी जाएगी**


विजयलक्ष्मी

जिला शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी ने बताया कि विभाग द्वारा नए शैक्षणिक सत्र में प्रदेश में कुल 111 स्कूलों को पीएम श्री का दर्जा दिया गया है। इनमें जिले के सात खंडों के सात स्कूलों को पीएम श्री बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पीएम श्री बनाए जाने से स्कूलों में सुविधाओं का विस्तार होगा तथा विद्यार्थियों को और बेहतरीन शिक्षा दी जाएगी। इनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पबनावा, बलबेहडा, बाता, पाई, राजौंद व कांगथली शामिल है।

# डंडे, हथौड़ा और गंडासियों से हमला कर की व्यक्ति की हत्या

## पुरानी रंजिश में वारदात: 10-11 आरोपियों पर केस दर्ज

अपने बेटे की जमानत मंजूर करवाने के लिए गुहला गया था व्यक्ति, आरोपियों के परिवार से एक विवाहिता को भगा ले गया था मृतक का बेटा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुरानी रंजिश के चलते 10-11 आरोपियों ने डंडे, हथौड़ा और गंडासियों से हमला कर 55 वर्षीय व्यक्ति की हत्या कर दी। वह व्यक्ति गुहला में अपने बेटे की जमानत करवाने के लिए गया था। वापस आते समय आरोपियों ने ट्रैक्टर ट्राली से उसका रास्ता रोक लिया और उसपर व उसके दो अन्य साथियों पर हमला कर दिया। मृतक का बेटा आरोपियों के गांव से एक विवाहिता को लेकर भाग गया था। जिस कारण वे मृतक के परिवार से रंजिश रखे हुए थे और जान से मारने की धमकी देते थे। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जिले के एक गांव निवासी युवक ने चीका थाना में दी शिकायत में बताया कि वह इस समय पूंडरी क्षेत्र के एक गांव में रहता है। वे दो भाई हैं। उसके बड़े भाई का नाम अजय है। अजय मार्च 2022 में उनके पुराने गांव की एक विवाहिता को लेकर गांव से भाग गया था। इस बात के कारण ही विवाहिता का परिवार उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देता रहता था कि वे इस बात का बदला लेंगे। इस रंजिश के डर के मारे उसके पिता रणधीर परिवार सहित उसके मामा के गांव में रहने लग गए थे। वह लड़ाई झगड़ा के पुराने केस में पीओ घोषित होने के कारण गिरफ्तार होकर 16 मार्च 2024 से कैथल जेल में बंद था। उसके पिता 30 मार्च को गुहला अदालत में गांव के कुछ लोगों को लेकर उसकी जमानत करवाने के लिए गए थे। उसकी जमानत मंजूर हो गई थी। जेल के बाहर उसके परिवार के सदस्य व रिश्तेदार उसे कार में लेने के लिए आए हुए थे। वह शाम को सवा सात बजे जेल से बाहर निकला तो उसके मामा ने बताया कि गुहला अदालत से वापस आते समय करीब 4.30 बजे रास्ते में उसके पिता व उनके साथ दो अन्य लोगों को किसी ने गंभीर चोटें मार दी हैं। उनको एंबुलेंस में कैथल अस्पताल लेकर आ रहे हैं। इस बात का पता चलते ही वह अपने मामा के साथ करनाल बाईपास चौक कैथल पर पहुंच गया। कुछ देर बाद उसके पिता को लेकर एंबुलेंस भी चौक पर पहुंच गई। वह और उसका मामा एंबुलेंस में बैठ गए। इस दौरान उसके पिता ने बताया कि जब वे अदालत गुहला से उसकी जमानत करवाकर अपनी कार से कैथल आ रहे थे और साढ़े चार बजे के करीब वे माता बनभौरी मंदिर चीका के पास पहुंचे तो एक लाल रंग के ट्रैक्टर-ट्राली के चालक जसपाल ने ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर खड़ी कर उनका रास्ता रोक लिया। जसपाल उस व्यक्ति की भाई है, जिसकी पत्नी उसके भाई के साथ भाग गई थी। उसी समय पीछे से एक सफेद रंग की गाड़ी ने उनकी कार के पीछे टक्कर मार दी। उस गाड़ी से निर्मल, संजु, विजय उर्फ बकरा, राजेंद्र उर्फ सेंटी व 4/5 नौजवान लडके अपने हाथों मे डंडे, गंडासी व हथौड़ा लेकर उतरे। आरोपियों ने उसके पिता कार पर पुरानी रंजिश के चलते हमला कर दिया।

**पुलिस कर रही जांच**

आरोपियों ने उसके पिता की कार के शीशे तोड़कर उसके पिता व साथ गए गांव के दो अन्य लोगों को जान से मारने की नीयत से गंभीर चोटें मारी। बाद में किसी के बुलाने पर एबुलेंस ने उसके पिता व अन्य दो लोगों को गुहला अस्पताल में पहुंचा दिया। वहां से डॉक्टर ने ज्यादा चोटें होने के कारण तीनों को कैथल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वे उसके पिता को कैथल अस्पताल में ले गए। उन्होंने उसके पिता को स्ट्रेचर पर डाला और इमरजेंसी में ले जाने लगे। चोटें गंभीर होने के कारण उसके पिता ने बोलते-बोलते दम तोड़ दिया। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसके पिता की हत्या ऋषिपाल, निर्मल सिंह, संजु, विजय उर्फ बकरा, राजेंद्र उर्फ सेंटी, जसपाल व चार-पांच अन्य आरोपियों ने पुरानी रंजिश के कारण साजिश रचकर की है। मामले के जांच अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के बेटे की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की आगामी जांच कर रही है।

# राजेश शर्मा एडवोकेट बने प्रधान

- दी फूडग्रेन डीलर्स एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

दी फूडग्रेन डीलर्स एसोसिएशन (आढ़ती एसोसिएशन) का रविवार को अनाज मंडी में वार्षिक चुनाव में राजेश शर्मा एडवोकेट को एसोसिएशन का प्रधान चुन लिया गया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी भाग चंद को 16 मतों के अंतर से पराजित किया। मैनेजर अनाज मण्डी एसोसिएशन टेक चंद गोयल और पर्यवेक्षक संजय चौधरी ने बताया कि एसोसिएशन के 316 सदस्यों को मताधिकार प्राप्त है जिनमें से 316 ने ही मतदान किया। राजेश शर्मा को 160 मत मिले जबकि भागचंद को 144 मत प्राप्त हुए। वहीं जोगिंदर कुंडू को 11 मत मिले। जबकि 1 मत रद्द घोषित कर दिया गया। प्रधान राजेश शर्मा ने कहा कि जो विश्वास दी फूडग्रेन डीलर्स एसोसिएशन नरवाना के व्यापारियों ने उनपर जताया हैं जिसपर वह खरा उतरने का पुरा प्रयास करेगें। वहीं आगे आ रहे गेहूं के सीजन को लेकर उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर व्यापारियों के साथ किसी भी प्रकार की जादत्ती नहीं होने दी जायेगी।


**नरवाना।** राजेश शर्मा को मंडी प्रधान बनने पर मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# रोजगार की तलाश में विदेशों में गए प्रदेश के हजारों युवा हो रहे मौत का शिकार

- सुरजेवाला ने कहा-भाजपा सरकार बन बैठी मूकदर्शक तमाशबीन बन, नहीं कर रही युवाओं की कोई मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव व सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला युवाओं की अनदेखी व रोजगार की तलाश में विदेशों में प्रताड़ित नौजवानों पर हो रहे अत्याचार को लेकर भाजपा सरकार को घेरा। रणदीप सुरजेवाला ने कैथल से एक बयान जारी करते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश में अपरम्पार बेरोजगारी की मार से युवा प्रताड़ित है, रोजगार के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है और जो युवा हरियाणा सरकार की नाकामी के चलते विदेशों में रोजगार के लिए जा रहा है, उन्हें एजेंटो द्वारा जालसाजी का शिकार करके युवाओं को मौत के मुंह में भेज रहे हैं, उन्हें जबरदस्ती मौत का शिकार बनाया जा रहा है, लेकिन भाजपा सरकार विदेशों में गए युवाओं के प्रति उदासीन बनी बैठी हुई है। सुरजेवाला ने कहा कि रोजगार की तलाश में विदेश गए करनाल के युवकों की दर्द भरी आपबीती जो आपकी आत्मा को ज्झकोर कर रख देंगे, आपकी आंखों से दो आंसू जरूर टपकेंगे, आपका मन अशांत कर देंगे। क्या प्रधानमंत्री मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर व मुख्यमंत्री नायब सैनी कुछ करेंगे? या फिर आंखे मूद तमाशबीन बनेंगे? सीएम की खुद की विस करनाल, मुनक व रेरकला, के हमारे बच्चों को विदेशों में लोहे की रॉड से पीटा जा रहा, जलती हुई लकड़ी व सिगरेट से शरीर को दागा जा रहा, घंटों बर्फ़ पर लिटाते हैं, 15 दिनों में एक बार एक रोटी दी जा रही है, उस एक रोटी के भी ₹15,000 वसूले जा रहे हैं, 8 दिन के ट्रेनिंग पर जबरन लड़ाई में भेजते हैं, कई युवाओं को जंगल में ले जा कर मार दिया गया।


रणदीप सुरजेवाला

# पुलिस में चयन होने से चीका के लोगों में खुशी का माहौल

- चीका की एथलेटिक्स नर्सरी में अभ्यास करने वाले दो खिलाड़ियों का चंडीगढ़ पुलिस में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका




चीका की एथलेटिक्स नर्सरी में अभ्यास करने वाले दो खिलाड़ियों का चण्डीगढ़ पुलिस में चयन हुआ है। खिलाड़ियों की इस सफलता ने गुहला चीका का नाम चमका दिया है। यह जानकारी देते हुए खेल नर्सरी चीका के कोच डॉ. सतनाम सिंह ने बताया कि उक्त खिलाड़ी पिछले चार सालों से खेल नर्सरी में अभ्यास कर रहे थे और उन्होंने अपनी मेहनत व लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बताया कि उक्त खिलाड़ियों ने इससे पहले लिखित परिक्षा व साथ ही शारीरिक परिक्षा भी पास की। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के इस चयन ने गुहला चीका के नौजवानों में एक नया जोश भर दिया है, साथ ही साथ एक उम्मीद की किरण भी जगा दी है कि मेहनत के दम पर कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

# सीएम पुराने कार्यकर्ता के प्रतिष्ठान पर पहुंचे

- ओमप्रकाश थुआ 1996 में राजौंद हलका से भाजपा की तरफ से चुनाव लड़ चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

सीएम नायब सिंह सैनी भाजपा के सीनियर नेता ओमप्रकाश थुआ के पुरानी मंडी स्थित प्रतिष्ठान पर पहुंचे। ओमप्रकाश थुआ 1996 में राजौंद हलका से भाजपा की तरफ से चुनाव लड़ चुके है तो जब पीएम नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम रहते हुए हरियाणा के प्रभारी थे तो उनके साथ भी ओमप्रकाश थुआ ने संगठन के लिए काम किया था। पूर्व सीएम मनोहर लाल के करीबी लोगों में उनकी गिनती होती है। भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव में सीनियर नेताओं को चुनाव मैदान में उतारे जाने के बाद माना जा रहा है कि विस चुनाव में भी सीनियर नेता को उचाना से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। ऐसे में भाजपा के जो दिग्गिज है उनके चेहरे खिले हुए है। भाजपा में बीरेंद्र सिंह के परिवार के होने के चलते यहां से भाजपा की तरफ से कोई दूसरा उम्मीदवार सामने नहीं आ रहा था। अब बीरेंद्र सिंह के परिवार भाजपा को अलविदा कहने के बाद पुराने भाजपा नेता एक बार फिर रंग में आने लगे है। ओमप्रकाश थुआ ने आढ़तियों के साथ मिलकर सीएम नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट प्रतिष्ठान पर पहुंचने पर किया।


**उचाना।** ओमप्रकाश थुआ के प्रतिष्ठान पर पहुंचे सीएम नायब सिंह सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

# तीन को भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल जुलाना का करेंगे दौरा

- जुलानाकस्बे के भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलानाकस्बे के भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर ने की। राजू मोर ने कहा कि सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी मोहनलाल बडौली का प्रवास तीन अप्रैल को जुलाना विधानसभा में होगा। कार्यक्रम को लेकर जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों की ड्यूटियां भी लगाई। जुलाना विधानसभा चुनाव संचालन समिति के सहप्रभारी सत्यवान खटकड़ ने बताया कि तीन अप्रैल को पौली गांव से कार्यक्त्रम की शुरूआत होगी। उसके बाद किलाजफरगढ, हथवाला, बुढाखेड़ा, अकालगढ़, लिजवाना कलां, मेहरड़ा, सिरसाखेड़ी, फतेहगढ़, लिजवाना खुर्द, नंदगढ़, भैरो खेड़ा और ललित खेड़ा आदि गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। सत्यवान खटकड़ ने कहा कि प्रदेश में भाजपा का कांग्रेस के पास कोई विकल्प नही है। भाजपा ने सभी सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए कांग्रेस प्रत्याशी नहीं उतार पाई है।

# वाहनों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाने वालों का होगा चालान: एसपी

**कैथल।** वाहनों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाकर घूमने वालों पर पुलिस सख्ती बरतने वाली है। पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार पुरे हरियाणा में इस प्रकार के वाहनो के खिलाफ पुलिस एक से सात अप्रैल के बीच विशेष अभियान चलाएगी। एसपी उपासना ने कहा कि पुलिस ऐसे वाहन चालकों पर शिकंजा कसने जा रही है जो गाड़ियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाकर घूमते हैं। गाड़ियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है। पुलिस ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से निपटेगी तथा नियमानुसार कार्रवाई दौरान उनके चालान किए जाएगें। कोई भी व्यक्ति अपनी गाड़ी की शीशों में काली फिल्म नहीं लगा सकता। काला शीशा लगे वाहन के अंदर कौन है, अपराधी हैं या वीआईपी, इसका पता न तो पुलिस को चल पाता है न जनता को। काला शीशा लगे वाहनों का उपयोग अक्सर आपराधिक गतिविधियों के लिए होता आया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

# गलत लेन में वाहन चलाने वाले 75 चालकों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

रविवार को एसपी उपासना के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व यातायात हादसों से बचाने हेतु गलत लेन में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ एक अभियान चला कर जहां पुलिस द्वारा चालकों को जागरुक किया गया, वहीं पर लाइन चेंज के 75 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राईविंग (बाँई लेन) निर्धारित करने व बाँई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कार्यवाही करने को पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गये थे। प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस द्वारा वाहन चालकों को जागरुक किया गया कि वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाई लेन में चले, रॉन्ग साइड में तथा अंडर एज वाले चालक वाहन न चलाएं जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान में जिला पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर आमजनों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। एसपी उपासना ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। जब भी हाईवे या सड़क पर चलाएं तो अपने वाहन को निर्धारित गति में अपनी लेन में ही चलाएं। इससे हादसा होने की संभावना न के बराबर रहती है। अक्सर देखने में आता है कि चालक अपने व्हीकल को एक लाइन से दूसरी लेन में अचानक ले जाते हैं। यह बहुत खतरनाक साबित हो सकता है। दूसरे वाहन उनसे टकराने की संभावना रहती है। ऐसा करके वह न केवल अपनी बल्कि दूसरे की जान जोखिम में डालते हैं।


**कैथल।** वाहनों की जांच करते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि